नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Question Booklet No.

No. of Questions – 35

No. of Printed Pages – 11

**V-111**

# व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा-X) परीक्षा, 2026

# VOCATIONAL EDUCATION (CLASS-X) EXAMINATION, 2026

## लेवल – द्वितीय

## LEVEL – II

## विषय : प्लम्बर

## (SUB : PLUMBER)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 30**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।
**All** the questions are compulsory to attempt.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

बहुविकल्पीय प्रश्न : **[16×½ = 8]**

Multiple Choice Questions :

**1.** पाइप कटिंग के लिये निम्न में से कौन–सी विधि का प्रयोग किया जाता है ? **[½]**

अ) प्लास्टिक ट्यूबिंग कटर

ब) व्हील कटर

स) लोहा काटने की आरी

द) उपरोक्त सभी

Which of the following method is used for pipe cutting ?

A) Plastic tubing cutter

B) Wheel cutter

C) Hacksaw

D) All of the above

**2.** स्क्रू पर प्रति इंच थ्रेड्स की संख्या जाँचने के लिए किसका उपयोग किया जाता है ? **[½]**

अ) स्केल

ब) बेवल गेज

स) स्क्रू पिच गेज

द) रिंग गेज

Which is used to check the number of threads per inch on a screw ?

A) Scale

B) Bevel gauge

C) Screw pitch gauge

D) Ring gauge

3. मानव मल को बाहर निकालने के लिये निम्न में से किसका चयन किया जाता है ? [½]

अ) वॉटर क्लोसेट

ब) मूत्रालय

स) नल

द) टोंटी फव्वारा

Which of the following is selected for the disposal of human feces/excreta ?

A) Water closet

B) Urinal

C) Tap

D) Shower tap

4. सिस्टर्न में पानी भरते समय पानी को ओवरफ्लो होने से कौन-सा वाल्व बचाता है ? [½]

अ) निडिल वाल्व

ब) गेट वाल्व

स) फ्लोट वाल्व

द) बॉल वाल्व

Which valve prevents water overflowing while water filling in cistern ?

A) Niddle valve

B) Gate valve

C) Float valve

D) Ball valve

5. मोर्टार का उपयोग निम्न में से किस कार्य के लिये किया जाता है ? [½]

अ) निर्माण घटकों को एक साथ मिलाने के लिये

ब) अच्छी चिनाई कार्य

स) ब्लॉकों के बीच के अंतराल को भरना

द) उपरोक्त सभी

For which of the following purposes is a mortar used ?

A) For joining (mixing) construction components together

B) For good masonry work

C) To fill the gaps between the blocks

D) All of the above

**6.** चिनाई कार्य में छैनी(चीज़ल) का क्या उपयोग है ? **[½]**

अ) ईंटों और पत्थर को सही आकार में काटने के लिये

ब) प्लास्टर करने के लिये

स) पत्थर या ईंटों को सही से सेट करने के लिये

द) उपरोक्त में से कोई नहीं

What is the use of a chisel in masonry work ?

A) To cut bricks and stones into the correct shape

B) For plastering

C) To properly set stones and bricks

D) None of the above

**7.** पानी के पंपों का उपयोग निम्न में से कौन–सा नहीं है ? **[½]**

अ) पानी उठाना

ब) पानी को रोकना

स) पानी को स्थानान्तरित करना

द) पानी ढोना

Which of the following is not a use of water pump ?

A) For lifting water

B) To stop water

C) To convey water from one place to another

D) For carrying water

**8.** प्लम्बर द्वारा खाइयों, गड्ढ़ों या नालों में प्लंबिंग कार्य करने हेतु निम्न में से बनाई जाती है **[½]**

अ) डिगिंग ब) ट्रैंचिंग

स) स्केफोल्डिंग द) चेज़िंग

Which of the following is made by a plumber for plumbing work in ditch, pits or drains ?

A) Digging B) Trenching

C) Scaffolding D) Chasing

**9.** तरल पदार्थ, गैसे, विद्युत उपकरण या रसायन में लगी आग को बुझाने में कौन-सा अग्निशामक यंत्र प्रयोग में लाया जायेगा ? **[½]**

अ) पानी टाइप अग्निशामक यंत्र

ब) फोम टाइप अग्निशामक यंत्र

स) कार्बन डाईऑक्साइड टाइप अग्निशामक यंत्र

द) सूखा पाउडर टाइप अग्निशामक यंत्र

Which fire extinguisher is used to extinguish fires involving liquid substances, gases, electrical equipment or chemicals ?

A) Water type fire extinguisher

B) Foam type fire extinguisher

C) $CO_2$ type fire extinguisher

D) Dry powder type fire extinguisher

**10.** निम्नलिखित में से कौन संचार प्रक्रिया चक्र का तत्व नहीं है ? **[½]**

अ) चैनल ब) प्राप्तकर्त्ता

स) प्रेषक द) समय

Which of the following is not an element of the communication process cycle ?

A) Channel B) Receiver

C) Sender D) Time

**11.** दूसरों को खुश किये बिना अर्थात आपके आंतरिक शक्ति, जिससे लक्ष्य की पूर्ति की जाती है, वह निम्न में से किस श्रेणी का होगा ? **[½]**

अ) आत्मविश्वास ब) संचार

स) स्व-प्रेरणा द) स्व-सम्मान

Which of the following category that the goal is achieved by self strength without trying to please other ?

A) Self-confidence B) Communication

C) Self-motivation D) Self-respect

**12.** हमारे भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और सामाजिक माँगों और खतरों को क्या कहते हैं ? [½]

अ) कमजोरी ब) तनाव

स) लाचारी द) परेशानी

What do we call the emotional, mental, physical and social demand and threats ?

A) Weakness B) Stress

C) Helplessness D) Problem/Trouble

**13.** फाइल में 'अन-डू' किये गये कार्य को 'री-डू' करने के लिये कौन-सी शार्टकट 'की' का उपयोग किया जाता है ? [½]

अ) कंट्रोल + यू ब) कंट्रोल + जेड

स) कंट्रोल + वाई द) कंट्रोल + एन

Which shortcut key is used to 'Re-do' the work that was just 'un-do' in a file ?

A) Ctrl + U B) Ctrl + Z

C) Ctrl + Y D) Ctrl + N

**14.** निम्नलिखित में से कौन ऑनलाइन अनुचित रिश्तों में फाँसते हैं और गैर कानूनी काम करने के लिये धमकाते हैं ? [½]

अ) ट्रोजन हॉर्स

ब) वार्म्स

स) ऑनलाइन अपडेटर

द) ऑनलाइन प्रीडेटर

Which of the following engage in inappropriate online relationships and threaten to commit illegal acts ?

A) Trojan Horse

B) Worms

C) Online Updater

D) Online Predator

**15.** व्यवसाय के प्रत्येक विचार को सफल उद्यमी द्वारा अनोखा और विशेष सोचा जाना चाहिए। यह उद्यमशीलता की निम्न में से कौन–सा घटक प्रस्तुत करता है ? **[½]**

अ) गलत धारणा

ब) सही धारणा

स) प्रबन्धन कौशल

द) जोखिम लेना

Every business idea should be seen as unique and special by a successful entrepreneur. Which of the following component of entrepreneurship does this represent ?

A) Misconception

B) Correct perception

C) Management skills

D) Taking risk

**16.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा कितने स्थायी विकास लक्ष्य दिये गये हैं ? **[½]**

अ) 18

ब) 17

स) 15

द) 20

How many sustainable development goals have been given by the United Nations ?

A) 18

B) 17

C) 15

D) 20

## खण्ड – ब

## SECTION – B

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **[8×½= 4]**

Fill in the blanks :

**17.** सी आई पाइप के रिसाव के मामले में ___________ किया जाता है । (धुआँ परीक्षण/प्रेशर हाइड्रोलिक परीक्षण) **[½]**

In case of a CI pipe leak, a ___________ is performed. (Smoke Test/Pressure Hydraulic Test)

**18.** हाथ द्वारा चूडी काटते समय लुब्रीकेंट के लिये ___________ का प्रयोग किया जाता हैं । (पानी/कटिंग ऑयल) **[½]**

While cutting threads by hand, ____________ is used as a lubricant. (Water/Cutting oil)

**19.** बाथरूम में __________ पानी के लिये गीजर का उपयोग किया जाता है । (ठंडा/गर्म) **[½]**

Geysers are used for __________ water in the bathroom. (Chilled/Hot)

**20.** ड्रिलिंग मशीन का उपयोग दीवार में __________ करने के लिये किया जाता है । (छेद/खाँचा) **[½]**

A drill machine is used to make _________ in the wall. (Hole/Groove)

**21.** कार्य स्थल एवं सार्वजनिक जगहों पर लोगों को सूचित और सचेत करने के लिए सुरक्षा चिन्ह और प्रतीकों के उपयोग से होने वाली _________ से रोकथाम होती है । (दुर्घटना/बीमारी) **[½]**

The use of safety signs and symbols at work places and public places helps inform and alert people, there by preventing _________. (Accident/Disease)

22. _______________ किसी भी भाषा या लिखित शब्द का उपयोग किये बिना सूचना या संदेशों की अभिव्यक्ति है । (मौखिक संचार/गैर मौखिक संचार) [½]

_______________ is the expression of information or messages without using any spoken language or written words. (Verbal communication/Non verbal communication)

23. कम्प्यूटर एप्लीकेशन पर लॉगिन आई डी और __________ की सहायता से कम्प्यूटर में लॉगिन करते हैं । (ओटीपी/पासवर्ड) [½]

People log into a computer application using a login ID and __________. (OTP/Password)

24. सौर ऊर्जा यानी सूर्य की किरणों के इस्तेमाल से पैदा होने वाली बिजली से __________ नहीं होता है, क्योंकि इसमें ईंधन जलाने की आवश्यकता नहीं होती । (प्रदूषण/शोर) [½]

Electricity generated by using solar energy does not cause __________ because it does not required burning fuel. (Pollution/Noise)

## खण्ड – स

## SECTION – C

लघूत्तरात्मक प्रश्न : **[8×1½=12]**

Short Answer Type Questions :

25. पाइप थ्रेडर के द्वारा चूडी काटने की प्रक्रिया समझाइये । [1½]

Explain the process of cutting threads using a pipe threader.

26. इण्डियन वॉटर क्लोसेट (जल कक्ष) के बारे में समझाइये । [1½]

Explain the Indian water closet.

**27.** ट्रॉवेल, चिज़ल (छैनी) तथा हैमर का चिनाई कार्य में उपयोग समझाइये । **[1½]**
Explain the use of a trowel, hammer and chisel in the masonry work.

**28.** सेंट्रीफ्यूगल पम्प और रोटरी पम्प के बारे में समझाइये । **[1½]**
Explain the centrifugal pump and rotary pump.

**29.** बिबकॉक में उत्पन्न दोष एवं कारण तथा उसकी मरम्मत को समझाइये । **[1½]**
Explain the faults produced in a bibcock, their causes and their repair.

**30.** प्लंबिंग कार्य में प्लम्बर के लिये सम्भावित खतरे कौन-कौन से होते हैं, समझाइये । **[1½]**
Explain the possible hazards for a plumber in plumbing work.

**31.** कम्प्यूटर की देखभाल और रखरखाव के तरीकों को समझाइये । **[1½]**
Explain the methods of care and maintenance of a computer.

**32.** एक उद्यमी के कार्यों को स्पष्ट कीजिए । **[1½]**
Explain the functions of an entrepreneur.

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न : **[3×2=6]**

Essay Type Questions :

**33.** वॉटर मीटर के कार्य एवं उसके विभिन्न प्रकारों के बारे में विस्तार से लिखिए । **[2]**
Explain in detail the functions of a water meter and its different types.

**अथवा**/OR

जेट वेल पम्प, डीप वेल जेट पम्प तथा कन्वर्टिबल जेट पम्प के कार्य सिद्धान्त और उपयोगिता को समझाइये ।

Explain the working principle and uses of a jet well pump, deep well jet pump and convertible jet pump.

**34.** पाइप लाइन और प्लंबिंग सिस्टम को नुकसान पहुँचाने के विभिन्न कारणों को लिखिए । **[2]**
Write the various causes that damage pipelines and plumbing system.

**अथवा**/OR

प्लंबिंग कार्य की स्थापना एवं मरम्मत में स्थल प्रबंधन से क्या तात्पर्य है ? विस्तार से समझाइये ।

What is meant by site management in the installation and repair of plumbing work ? Explain in detail.

**35.** प्रभावी संचार क्या है ? प्रभावी संचार की विभिन्न बाधाओं के बारे में लिखिए । **[2]**
What is effective communication ? Write about the various barriers of effective communication.

**अथवा**/OR

संचार चक्र किसे कहते हैं ? संचार में प्रतिक्रिया के महत्व को समझाइये ।

What is the communication cycle ? Explain the importance of feedback in communication.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE